RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : गुरुवार 20 जुलाई 2023 वर्ष 05 अंक 88 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 8 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुंबई में बारिश बनी आफत

## आज स्कूल बंद, समुद्र तटों और नालों से बचने की सलाह

### मुंबई, ठाणे समेत इन जिलों में आज स्कूलों को रहेगी छुट्टी... भारी बारिश के चलते लिया गया फैसला

मुंबई : मुंबई में भारी बारिश के चलते स्कूलों में आज (गुरुवार) छुट्टी की घोषणा की गई है। बीएमसी ने बताया कि मुंबई में भारी बारिश के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आज (20 जुलाई) को छुट्टी की घोषणा की है। नगर निगम ने कहा कि मुंबई महानगर के सभी प्रबंधन के प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों (नर्सरी से कक्षा 12 तक) को छुट्टी रहेगी।



**मुंबई समेत इन जिलों में छुट्टी को घोषणा**

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी के वजह से 20 जुलाई को मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्न ागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की है।

**रायगढ़ में बंद रहेंगे स्कूल- कॉलेज**

रायगढ़ के जिला कलेक्टर योगेश म्हासे ने घोषणा की कि यहां भारी बारिश के मद्देनजर जिले के सभी स्कूल और कॉलेज आज बंद रहेंगे। इससे पहले आईएमडी ने रायगढ़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**गढ़चिरौली में भी रहेगी छुट्टी**

वहीं, गढ़चिरौली के जिला कलेक्टर संजय मीणा ने भारी बारिश को देखते हुए आज (20 जुलाई) जिले के सभी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी की घोषणा की है।

वहीं, भारी वर्षा के कारण उपनगरीय ट्रेन सेवाओं और सड़क यातायात के प्रभावित होने के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को आदेश दिया कि मुंबई और उसके आसपास के क्षेत्र में सरकारी कार्यालय समय से पहले बंद कर दिये जाएं ताकि कर्मचारियों को घर पहुंचने के लिए थोड़ा अधिक समय मिल सके। मुंबई और उसके आसपास के क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से मूसलाधार वर्षा हो रही है। इस वर्षा ने सड़क यातायात और उपनगरीय ट्रेन सेवाओं पर असर डाला है। उपनगरीय ट्रेन सेवाओं में मुख्यतः मध्य एवं हार्बर लाइन शामिल हैं। लाखों लोग अपने कार्यालय आने-जाने के लिए इन लाइनों का इस्तेमाल करते हैं।

# 'वंदे मातरम्' का नारा स्वीकार्य नहीं...

## अबु आजमी का बयान; भाजपा का सवाल- क्या यही INDIA की अवधारणा



**मुंबई :** समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी की वंदे मातरम्, के बारे में एक टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों के शोर-शराबे के बाद बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई. संभाजीनगर जिले में हुए दंगे का मुद्दा उठाते हुए आजमी ने कहा कि 'वंदे मातरम्,' का नारा लगाना उन्हें अस्वीकार्य है. उन्होंने कहा, 'कुछ लोग कहते हैं कि अगर भारत में रहना है तो वंदे मातरम्, बोलना ही होगा. हम ऐसा नहीं कर सकते. हम केवल खुदा में विश्वास करते हैं.'' सदन से बाहर आने के बाद अबू आजमी ने कहा, ह्लजब भी हाउस में वंदे मातरम् होता है तो मैं खड़ा होकर उसकी इज्जत करता हूं. लेकिन मैं उसको पढ़ नहीं सकता. क्योंकि मेरे मजहब में ये कहा गया है कि अल्लाह जिसने जमीन बनाई, आसमान बनाया, सूरज बनाए, चांद बनाए, इंसान बनाए और सारी दुनिया को बनाया, उसके अलावे किसी के आगे सिर नहीं झका सकते. ये मेरे मजहब में कहा गया है. मैं कोई आपका अपमान तो नहीं कर रहा हूं. सुप्रीम कोर्ट ने ये अधिकार दिया हुआ है.' आजमी के बयान पर भाजपा विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई और इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया. विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विधायकों से शांत रहने की अपील की और कहा, 'आजमी की टिप्पणियां विषय के लिए अप्रासंगिक हैं.

# नीलम गोरे के बचाव में उतरे महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम फडणवीस

## उद्धव ठाकरे गुट को दिया करारा जवाब





**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरे को अयोग्य घोषित करने की शिवसेना (यूबीटी) की मांग के बीच डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने मंगलवार को कहा कि अयोग्यता पर कानून उनके पद पर लागू नहीं होती है।

पहले उद्धव ठाकरे के वफादार रहे गोरे इस महीने की शुरूआत में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली प्रतिद्वंद्वी शिवसेना में शामिल हो गई। परिषद में इस मुद्दे पर बोलते हुए फड़नवीस ने कहा कि वो किसी भी नई पार्टी में शामिल नहीं हुई हैं, क्योंकि वो शिवसेना के टिकट पर सदन के सदस्य के रूप में चुनी गई थीं और उनका 'धनुष और तीर' चिह्न अब पार्टी का नाम और चिह्न दोनों है।

शिवसेना (यूबीटी) नेता अनिल परब ने ये मुद्दा उठाते हुए कहा कि जब तक गोरे को उपसभापति पद से हटाने या उनकी अयोग्यता पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक उन्हें उपसभापति के रूप में काम नहीं करना चाहिए। उनका कृत्य दसवीं अनुसूची (संविधान की जिसमें विधायकों की अयोग्यता के बारे में प्रावधान हैं) के तहत कार्रवाई को आकर्षित करता है। फडणवीस ने इस तर्क का विरोध करते हुए कहा कि 10वीं अनुसूची अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर लागू नहीं होती है।

# बीएमसी में हुए 'फर्नीचर घोटाले की लोकायुक्त जांच कराई जाए...

## आदित्य ठाकरे ने रमेश बैस को लिखा पत्र



**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने बुधवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस को पत्र लिखकर बृहन्मुंबई महानगरपालिका में हुए कथित 'स्ट्रीट फर्नीचर घोटाले की लोकायुक्त से जांच कराने की मांग की। आदित्य ठाकरे ने राज्यपाल बैस से मांग की कि वह निगम आयुक्त को कथित घोटाले से संबंधित सभी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दें। पूर्व मंत्री ने कहा, सरकार को मामले की लोकायुक्त से निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। ठाकरे ने कहा कि इसके साथ ही बीएमसी को संबंधित ठेकेदार के सभी भुगतान रोकने और लोकायुक्त जांच पूरी होने तक अब तक किए गए भुगतान की वसूली करने का निर्देश दिया जाना चाहिए।

शिवसेना (यूबीटी) नेता ने इस मुद्दे को उठाने के लिए 10 मई को राज्यपाल बैस से मुलाकात की थी और दावा किया था कि निगम आयुक्त उन्हें जवाब देने से बच रहे हैं। बीएमसी का वर्तमान में कामकाज महाराष्ट्र सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक देख रहे हैं क्योंकि निगम का कार्यकाल समाप्त होने के एक वर्ष से अधिक समय होने के बावजूद चुनाव नहीं हुए हैं।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### सही तरह चले संसद...

संसद के प्रत्येक सत्र के पहले जो सर्वदलीय बैठकें होती हैं, उनमें आम तौर पर यही सहमति बनती है कि दोनों सदनों की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाया जाएगा, लेकिन दुर्भाग्य से अभी तक का अनुभव यही रहा है कि प्राय: ऐसा होता नहीं। कई बार तो संसद का पूरा सत्र ही हंगामे की भेंट चढ़ जाता है। इसे कोई विस्मृत नहीं कर सकता और राजनीतिक दल तो बिल्कुल भी नहीं कि बजट सत्र किस तरह नारेबाजी की राजनीति का अखाड़ा बन गया था। क्या इससे दयनीय और कुछ हो सकता है कि आम बजट को बिना किसी चर्चा के पारित कराना पड़ा था?

इसके पहले के सत्र भी विधायी कामकाज की दृष्टि से कोई बहुत अधिक संतोषजनक नहीं रहे थे। इसे देखते हुए यही आशा की जाती है कि मानसून सत्र के लिए आयोजित सर्वदलीय बैठक में सभी विषयों पर सार्थक चर्चा करने के अपने आश्वासन को लेकर पक्ष-विपक्ष, दोनों गंभीरता का परिचय देंगे। विपक्ष ने स्पष्ट किया है कि वह मणिपुर के हालात, महंगाई की स्थिति, बालेश्वर रेल हादसे समेत अन्य अनेक विषयों पर चर्चा करना चाहेगा। सत्तापक्ष का कहना है कि उसे इन विषयों पर चर्चा करने में हर्ज नहीं, लेकिन क्या इसके प्रति आश्वस्त हुआ जा सकता है कि पक्ष-विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा करने के लिए सच में प्रतिबद्ध रहेंगे? इस प्रश्न का सकारात्मक उत्तर सामने आना चाहिए, क्योंकि सरकार इस सत्र में कम से कम 31 विधेयक लाने की तैयारी में है।

मानसून सत्र में कुल 17 बैठकें होनी हैं। इतने कम समय में 31 विधेयकों पर व्यापक चर्चा होना और उन्हें पारित कराना आसान नहीं, लेकिन यदि सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों अपने संसदीय दायित्वों के प्रति सजग हों तो ऐसा हो भी हो सकता है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि इस सत्र में जो विधेयक प्रस्तावित हैं, उनमें अनेक बेहद महत्वपूर्ण हैं और उन्हें पारित किया जाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वे समस्याओं का समाधान करने के साथ देश की प्रगति में भी सहायक बनेंगे।

राजनीतिक दल इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकते और न उन्हें होना चाहिए कि जब आवश्यक विधेयक अटकते हैं या फिर उन्हें कानून का रूप देने में अनावश्यक देरी होती है तो कुल मिलाकर देश को ही क्षति उठानी पड़ती है। यह ठीक है कि पक्ष-विपक्ष संसद में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के साथ एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने को तत्पर रहते हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि वे विधि निर्माण के अपने मूल दायित्व की अनदेखी कर दें। दुर्भाग्य से कई बार ऐसा ही होता है-कभी राजनीतिक लाभ उठाने के फेर में और कभी महज खबरों में छा जाने के लिए। जब संसद में विधायी कामकाज के बजाय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति होती है तो केवल संसद और लोकतंत्र की गरिमा ही नहीं गिरती, बल्कि देश की जनता में निराशा भी घर करती है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# पानी की किल्लत के बावजूद मनपा अधिकारी रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर कर रहे अनदेखी

**मुंबई :** पानी मुंबई की बड़ी समस्या बनती जा रही है। हर साल मानसून आने का इंतजार और देरी होने पर पानी की चिंता जताई जाने लगती है। मनपा प्रशासन समुद्र के पानी को मीठा करने पर जरूर जोर दे रही है जिस पर हजारो करोड़ खर्च किये जा रहे है लेकिन रेनवाटर हार्वेस्टिंग का निर्णय 2007 में लिया गया था। इस निर्णय को होकर 16 साल बीत जाने के बावजूद योजना सिर्फ कागजों में धूल खा रही है। मुंबई की 10 प्रतिशत सोसायटियों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग योजना नहीं लागू हो पाई है। जबकि इस साल भी बारिश नहीं होने से मुंबई के लोग 10 प्रतिशत पानी कटौती का सामना कर रहे हैं। मुंबई में करीब 34 हजार से अधिक रजिस्टर्ड सोसायटियां हैं, जिसमें से सिर्फ 3035 सोसायटियों में ही यह योजना शुरू हो पाई है। मनपा के एक अधिकारी ने



बताया कि मुंबई में जून 2007 से मई 2021 तक सिर्फ 3035 सोसायटियों में ही वाटर हार्वेस्टिंग योजना लागू हो पाई है । मनपा अधिकारी के पास भी उसके बाद का रेकार्ड मौजूद नहीं है। 2007 से 2021 के बीच मुंबई में 300 वर्ग मीटर से 1000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली 1205 सोसायटियों में यह प्रोजेक्ट शुरू हुआ। जबकि बड़े भूखंड पर बनी 1830 सोसायटियों में वॉटर हार्वेस्टिंग योजना शुरू की गई है। मनपा ने 1 अक्टूबर 2022 से मुंबई में 1000 वर्ग मीटर क्षेत्र से बड़ी बनने वाली सोसायटियों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग योजना अनिवार्य कर दिया है। नियम के अनुसार वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट की रिपोर्ट जमा करने के बाद ही बिल्डिंग को ओसी दी जाएगी । यह सुनिश्चित करना हाऊसिंग सोसायटी और डेवलपर की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद योजना को गति नहीं मिली है। बारिश के पानी को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के जरिए स्टोर करने के लिए इस प्रोजेक्ट को लागू करने की जिम्मेदारी बिल्डरों पर डाली गई है। इन परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए मनपा बिल्डरों को छूट भी देती है। इसके बावजूद यह प्रोजेक्ट सोसायटियों में नहीं शुरू किए गए हैं।वर्ष 2012 में तत्कालीन महापौर सुनील प्रभु ने बीएमसी प्रशासन को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट पर एक श्वेत पत्र जारी करने का निर्देश दिया था। लेकिन पिछले 11 वर्षों में कोई श्वेत पत्र नहीं आया है। केंद्र सरकार की कैच द रेन योजना को बीएमसी ने पिछले वर्ष से मुंबई में लागू किया है। इसका मकसद भी बारिश के पानी का संचय करना है। यह योजना भी अब तक कागजों पर सिमटी है। मनपा पूर्व विरोधी पक्ष नेता रवि राजा ने कहा कि पिछले 16 सालों से यह प्रोजेक्ट लटका है। योजना की विफलता के लिए मनपा अधिकारी जिम्मेदार हैं। मुंबई की कितनी बिल्डिंगों में योजना को लागू किया गया इसका ऑडिट करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि जिन बिल्डिंगों में बिना रेन वाटर हार्वेस्टिंग के एनओसी दी गई ऐसे अधिकारी की भी जांच होनी चाहिए बिना जांच किए कैसे ओसी देने की अनुमति दी।

# अजित दादा का जन्मदिन मनेगा "अजित उत्सव" के रूप में...



**मुंबई :** राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार का जन्मदिन एक ही दिन 22 जुलाई को है। दोनों ने सादगी से जन्मदिन मनाने का फैसला किया है। अजित पवार गुट वाली राकांपा 22 जुलाई से 31 जुलाई तक अजित उत्सव मनाएगी। इस बात की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में बुआई न होने से किसान संकट में है, ऐसे में सामाजिक गतिविधियों के साथ अजित पवार का जन्मदिन मनाया जाएगा।

तटकरे ने कहा कि अजित पवार का राजनीतिक कैरियर खासा लंबा रहा है। उन्होंने हमेशा विकास को महत्व दिया है। उन्होंने सभी को न्याय दिलाने की भूमिका निभाई। स्पष्टवादिता उनका स्थायी गुण है। हो सकता है कि कुछ लोग उन्हें पसंद न करें, लेकिन महाराष्ट्र की जनता ने उन्हें खूब पसंद किया है।

अजित पवार के जन्मदिन के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मैराथन प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर, स्कूलों में शैक्षणिक सामग्री का वितरण, वाटर फिल्टर, छाते का वितरण, स्कूली लड़कियों को मुफ्त साइकिल देने का कार्यक्रम, वृक्षारोपण, वरिष्ठ नागरिकों के आवासों का दौरा, स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान, अजित दादा की तरह सुबह छह बजे उठना और राज्य भर में ग्राम स्वच्छता अभियान के लिए दो घंटे का समय देना जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

वहीं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का 22 जुलाई को जन्मदिन है। इस मौके पर पार्टी के किसी भी नेता, कार्यकर्ता को होर्डिंग- बैनर नहीं लगाने और अखबारों या टीवी पर विज्ञापन नहीं देने की अपील भाजपा की तरफ से की गई है। भाजपा कार्यालय सचिव मुकुंद कुलकर्णी की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि किसी ने होर्डिंग, बैनर या विज्ञापन दिया तो पार्टी इसे गंभीरता से लेगी। ऐसे में निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की गई है। पार्टी ने अपील की है कि जो लोग योगदान देना चाहते हैं, वे विभिन्न सेवा कार्यों में योगदान दे सकते हैं।

# मुंबई में बेस्ट की बस में एक यात्री की मौत



**मुंबई :** बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन उपक्रम (बेस्ट) की एक बस में मंगलवार दोपहर एक यात्री बेहोश होकर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना अपरा' करीब 1.45 बजे उपनगरीय विक्रोली के टैगोर नगर जंक्शन पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि रूट नंबर 545 पर चलने वाली बस मजास डिपो की ओर जा रही थी, तभी प्रदीप सावंत (54) नाम का एक यात्री अचानक बेहोश हो गया। प्रदीप को उसी बस से जोगेश्वरी के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अपराह्न 2.30 बजे के आसपास उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मौत के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

# गडकरी धमकी मामले में एनआईए, एटीएस, आईबी ने पाशा से की पूछताछ



**नागपुर :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी, आतंकवाद निरोधी दस्ते और खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने बेंगलुरु आतंकी हमले के दोषी अफसर पाशा से अतीत में उसकी नागपुर यात्रा के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए पूछताछ की है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को 'यूनीवार्ता' को यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को फोन पर धमकी देने के मामले में नागपुर पुलिस पाशा को बेलगावी (कर्नाटक) जेल से नागपुर लाई थी। अधिकारी के मुताबिक एजेंसियों ने पाशा से छह घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की। अधिकारी ने कहा, हालांकि, पाशा ने एजेंसियों को अपनी पिछली योजनाओं के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया। पाशा कथित तौर पर 2003-2004 में नागपुर आया था। अधिकारी ने कहा, एजेंसियां श्री गडकरी को किए गए धमकी भरे फोन और उनके नागपुर दौरे के बीच की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कर रही हैं। प्रथम दृष्टया, जांचकताओं को संदेह है कि पाशा एक ट्रेन से आया था और अपने दौरे के दौरान मध्य नागपुर में रुका था। अधिकारी ने बताया कि पाशा 2005 में बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) में एक आतंकवादी हमले में शामिल था। उन्होंने कहा कि जयेश पुजारी ने पाशा के साथ मिलकर योजना बनाई थी और श्री गडकरी के कार्यालय में धमकी भरे फोन किए थे। उल्लेखनीय है कि जयेश पुजारी ने इसी साल 14 जनवरी को श्री गडकरी के दफ्तर में धमकी भरा फोन कर 100 करोड़ रुपये की मांग की थी और खुद को दाऊद इब्राहिम गिरोह का सदस्य होने का दावा किया था और उस वक्त वह बेलगावी जेल में बंद था। इसी साल 21 मार्च को उसने एक और फोन कर धमकी दी कि अगर 10 करोड़ रुपये नहीं दिए गए तो वह श्री गडकरी को नुकसान पहुंचाएगा। इसके बाद, पुजारी को इस साल 28 मार्च को बेलगावी (कर्नाटक) की एक जेल से गिरफ्तार कर नागपुर लाया गया। जयेश पुजारी के खिलाफ नागपुर के धंतोली पुलिस स्टेशन में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दो मामले दर्ज किए गए।

# 2024 में NDA की सत्ता रहेगी बरकरार, 330 से अधिक सीटें जीतेंगे...

## महाराष्ट्र में होगा क्लीन स्वीप: शिंदे

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2024 में पहले से भी



अधिक बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगा और शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गठबंधन क्लीन स्वीप करेगा। शिंदे ने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, आज राजग की बैठक हुई, बैठक में कुल 39 पार्टी प्रमुख शामिल हुए। बैठक बहुत अच्छी रही। सभी दलों में विश्वास था। आज सबने पीएम मोदी को विश्वास दिया है और जनता ने भी मन बना लिया है कि इस बार मोदी सरकार आएगी, इस बार 330 से ज्यादा सीटें आएंगी।

उन्होंने विपक्षी गठबंधन को खारिज करते हुए इसे हताश राजनीतिक दलों का गठबंधन बताया, जिनके मन में केवल मोदी के प्रति नफरत है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राजग के घटक दलों की बैठक में शामिल हुए शिंदे ने कहा, वे जितनी अधिक मोदी की आलोचना करेंगे, राजग उतनी ही अधिक सीटें जीतेगा। हमने इसे 2014 में देखा, हमने इसे 2019 में देखा और हम इसे 2024 में फिर से देखेंगे। शिंदे ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में मोदी का काम खुद बोला है और दुनिया भर में इसे स्वीकार भी किया गया है। उन्होंने कहा कि अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के शिवसेना और भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार में शामिल होने से महाराष्ट्र में राजग मजबूत हुआ है। शिंदे ने कहा, सत्तारूढ़ गठबंधन (महाराष्ट्र की कुल 48 सीट में से) 45 से अधिक सीट जीतेगा और क्लीन स्वीप से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

# मुंबई में आईएसआई एजेंट समेत दो गिरफ्तार



**मुंबई :** महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और उसके उत्तर प्रदेश समकक्ष ने संयुक्त अभियान में पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के एक संदिग्ध एजेंट सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, एटीएस की जुहू इकाई ने उत्तर प्रदेश के एटीएस दल के साथ यहां जोगेश्वरी उपनगर में छापा मारा और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की पहचान अरमान सैय्यद(62) और मोहम्मद सलमान सिद्दीकी(24) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि सैय्यद एक आईएसआई एजेंट है और उसने मोहम्मद सलमान को भर्ती किया था। उन्होंने बताया कि दोनों एक अन्य संदिग्ध आईएसआई एजेंट मोहम्मद रईस की मदद करते थे। रईस मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोंडा का निवासी है और उत्तर प्रदेश एटीएस ने उसे कथित तौर पर भारतीय सेना की खुफिया जानकारी पाकिस्तान में बैठे आका को भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# मुंबई शहर में कुत्तों के लिए आधार कार्ड



**मुंबई :** एक अनोखी पहल के तहत, मुंबई शहर में 20 कुत्तों के लिए आधार कार्ड बनाए गए हैं। यह नजारा मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। इन आधार कार्ड में पशु के विवरण और स्वास्थ्य रिकॉर्ड जैसी महत्वपूर्ण जानकारी संकलित की गई है। इसके अलावा, आधार कार्ड में एक दफ कोड भी होता है जिसके माध्यम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। ये कोड खाद्य, पहचान, आपातकालीन स्थिति और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी संकलित करता है। मुंबई के नगर निगम द्वारा इस पहल के माध्यम से कुत्तों की अच्छी देखभाल का प्रयास किया जा रहा है। आधार कार्ड बनवाने के लिए पहले यहां के कुत्तों की जानकारी संकलित की जाती है, जिसके बाद एक वेटरनरियन उन्हें जांच करता है। जब पशुधन विभाग की पुष्टि हो जाती है, तो उनका आधार कार्ड जारी किया जाता है। यह पहल यात्रियों को अपने पशुओं की पहचान करने में सहायता करेगी और उन्हें अपने पालतू पशु की देखभाल करने की सुविधा प्रदान करेगी। अभी तो ये स्ट्रीट डॉग्स के लिए जारी हुआ है पर आगे ये सुविधा यात्रियों को एयरपोर्ट पर पशु के साथ यात्रा करते समय अधिक सुरक्षा देगी और पशु की मेडिकल इतिहास और आपातकालीन स्थिति की जानकारी उनके आधार कार्ड से प्राप्त की जा सकेगी।

# पत्नी झगड़ालू थी, पति ने दिया सुपारी!

**ठाणे :** बीस साल पहले जिस पति ने ५ हजार रुपए में पत्नी को रास्ते से साफ करने के लिए हत्या की सुपारी दी थी, उसे कोर्ट ने सजा सुना दी है। पुलिस ने सुपारी किलर को गुजरात से गिरफ्तार कर उससे पूछताछ करने के बाद पुलिस ने पति को भी हिरासत में लिया। तब हत्या और सुपारी किलर के पीछे की साजिश का खुलासा हुआ। मामला पारिवारिक झगड़े का था, पूछताछ में पति ने बताया कि उसकी पत्नी झगड़ालू थी, जिससे वह छुटकारा पाना चाहता था। इसलिए उसने गुजरात के एक शख्स को सुपारी दी थी। सुपारी किलर हत्या को अंजाम देने के बाद गुजरात में छिपकर रह रहा था। ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत फरार आरोपियों की सूची बनाने तथा उन्हें गिरफ्तार करने





की एक मुहिम चलाई जा रही थी। आरोपियों के संबंध में एक पक्की सूचना मिलने के बाद पुलिस उप निरीक्षक दत्तात्रेय सरक के मार्गदर्शन में १४ अक्टूबर को एक टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम गुजरात के जिला मेहसाणा, तहसील वीजापुर स्थित गवड़ा गांव पहुंच कर आरोपी शंभू रावल को गिरफ्तार कर लिया, वहीं पता चला कि दूसरे आरोपी सुरेश नावी की १५ दिसंबर, २०१५ को मौत हो चुकी है। शंभु ने २० वर्ष पूर्व कुंदन से ५ हजार रुपए की सुपारी लेकर उसकी पत्नी कुंदा की हत्या करने का गुनाह कबूल कर लिया है। इस मामले में कोर्ट में दाखिल चार्जशीट और सबूतों के आधार पर कोर्ट ने सजा सुनाई है। बता दें कि वागले इस्टेट स्थित रघुनाथ नगर निवासी कुंदा कुंदन रावल (३५) नामक महिला की १८ फरवरी, २००० की रात हत्या कर दी गई थी। पुलिस को जांच-पड़ताल में पता चला कि पति कुंदन के साथ उसका हमेशा झगड़ा हुआ करता था। इस पूरे मामले में पुलिस को कुंदन की हरकत संदिग्ध लगी। कुंदन को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की तो वह पहले टालमटोल करता रहा, लेकिन जब पुलिस ने कड़ाई बरती तो उसने सच उगल दिया। पुलिस को कुंदन ने बताया कि उसने झगड़े से तंग आकर अपनी पत्नी कुंदा की सुपारी देकर दी थी। कुंदन ने इसके लिए गुजरात निवासी शंभु मनु भाई रावल तथा सुरेश मणिलाल नावी को पांच हजार रुपए की सुपारी दी थी। वागले इस्टेट पुलिस जब फरार दोनों आरोपियों की खोज नहीं कर पाई, तब इस पूरे मामले को अपराध शाखा यूनिट-१ को सौंप दिया गया।




# कैंसर मामलों में उछाल... मुंह के कैंसर 55 फीसदी



**महाराष्ट्र :** देश में सभी प्रकार के कैंसर मामलों में ५५ फीसदी उछाल मुंह के कैंसर के हैं। चिंताजनक बात यह है कि इसका अब तक कोई संतोषजनक इलाज नहीं था। लेकिन अब इस बीमारी पर लगाम लगाने में काफी हद तक लेजर सर्जरी कारगर साबित हो रही है। 'लेजर' को कैंसर से निपटने का बिल्कुल ही अलग और सस्ता तरीका माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार हिंदुस्थान में हर साल औसतन १ लाख २० हजार के करीब लोगों में मुंह के कैंसर की पुष्टि होती है, जिसमें से दुर्भाग्य से ७२ हजार से ज्यादा रोगियों की मौत हो जाती है। आईसीएमआर के मुताबिक, ७० से ८० फीसदी मरीज चौथी स्टेज में इलाज के लिए पहुंच पाते हैं। इस वजह से मौत के मामले बढ़ते हैं। अमूमन, ऑन्कोलॉजिस्ट द्वारा मुंह के कैंसर का किया गया इलाज ५ से १० साल तक ही रोगी को राहत दे पाता है, पर लेजर तकनीक से हुए इलाज से उनमें ज्यादा उम्मीद रहती है। सामान्यतः ओरल कैंसर के मामलों में महिलाओं की तुलना में पुरुषों की मृत्यु ज्यादा होती है।

डॉ. भल्ला बताते हैं कि अंधेरी में स्थित एडवांस मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल में ऑर्किड कैंसर सेंटर में पिछले आठ सालों में ओरल कैंसर के ४०० से अधिक मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज हो चुका है, जिसके अच्छे नतीजे दिखे हैं। उनके अनुसार, लेजर तकनीक में सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें कोई विकृत करनेवाली सर्जरी नहीं होती है। साथ ही कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी की मात्रा भी कम होती है। आमतौर पर मरीज एक सप्ताह के भीतर सक्रिय हो जाते हैं। उनके अनुसार, यदि मरीज सर्जरी नहीं चाहता है तो उसे जितनी जल्दी हो सके, लेजर सर्जरी के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए।

डॉ. रूसी भल्ला के अनुसार, 'ट्यूमर के आकार को कम करने के लिए सर्जरी से पहले एनएसीटी (नियो एडजुवेंट कीमोथेरेपी) दी जाती है। यह ४० फीसदी से भी कम मामलों में कामयाब होती है।' वे यह भी बताते हैं कि लेजर तकनीक से काफी मात्रा में ट्यूमर को अंदर से जलाया जा सकता है। ये कीमोथेरेपी और इम्यूनोथेरेपी जैसे सहायक उपचार के उपयोग को कम कर देता है। ट्यूमर को हटाने के बाद दर्द को भी नियंत्रित किया जा सकता है। लेजर तकनीक कीमोथेरेपी की तुलना में कैंसर की बीमारी की गति को धीमा कर देती है। उन्होंने कहा कि सामान्य सर्जरी की तुलना में लेजर तकनीक बिना किसी विकृति के ट्यूमर को बाहर निकालती है।

# ठाणे में व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या... तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 49 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार देर रात करीब एक बजे हुई, जब उल्हासनगर के विठ्ठलवाड़ी इलाके में टहलते समय पीड़ित गलती से आरोपियों से टकरा गया। अधिकारी ने पीड़ित के बेटे की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के हवाले से बताया कि टक्कर लगने से आरोपी गुस्से में आ गए और उन्होंने पीड़ित की कथित तौर पर बुरी तरह से पिटाई कर दी। अधिकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह पीड़ित ने अपने बेटे को फोन कर बताया कि कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी है और वह अस्पताल में है।

उन्होंने बताया कि इसके बाद शिकायतकर्ता अपने पिता को उल्हासनगर के एक सरकारी अस्पताल ले गया, लेकिन चूंकि पीड़ित को सांस लेने में समस्या हो रही थी, इसलिए उसे कलवा इलाके के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, कलवा के अस्पताल में ऑक्सीजन बिस्तर उपलब्ध नहीं होने के कारण पीड़ित को मुंबई के केईएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे उल्टी हुई और बाद में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित के बेटे ने बाद में तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# असहाय महसूस कर रही है जनता...



**मुंबई :** मुंबई महानगर के २२७ नगरसेवकों का कार्यकाल खत्म हुए सोलह महीने से अधिक हो गए हैं और तभी से मुंबई मनपा प्रशासक के हाथो में हैं। इतिहास में ये दूसरी बार और बीते ४० वर्षों में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब नगरसेवकों के चुनाव में देरी हो रही है। लोगों की समस्याओं के समाधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जनप्रतिनिधियों का होना आवश्यक होता है। लेकिन मनपा में नगरसेवकों का चुनाव नहीं हो पा रहा है। जनता अपने हर मुद्दे को लेकर पालिका कार्यालय के चक्कर लगाने में अपने आपको असमर्थ महसूस कर रही है। विशेषकर मुंबई के झोपड़पट्टी इलाके में रहनेवाले लोग जहां पर पानी, शौचालय और कचरा एक बड़ी समस्या बने रहते हैं। नगरसेवकों के न रहने पर वहां की जनता अपने आपको असहाय महसूस कर रही है। पूर्व महापौर निर्मला सामंत प्रभावलकर का कहना है कि मुंबई की जनता और इस शहर को नगरसेवकों की बहुत आवश्यकता है। कुछ गैर सरकारी संस्था के लोग जन समस्या को लेकर आवाज उठाते रहते हैं लेकिन उनकी पहुंच बहुत कम होती है। पूर्व नगरसेवक मंगेश सातमकर ने कहा कि वार्ड में बहुत सारी प्रॉब्लम सामने आ रही है। जनता सीधे वार्ड अधिकारी को संपर्क नहीं कर पा रही है, ऐसे में हमारे पास आते हैं लेकिन हम अधिकृत नहीं हैं कि मनपा अधिकारियों पर काम करने के लिए दबाव ला पाएं।

२०२३-२०२४ में मुंबई महानगरपालिका का बजट लगभग ५२,६१९ करोड़ का है। ऐसे में नगरसेवकों का पिछले १६ महीने से न होना मुंबई की जनता और लोकतंत्र दोनों के लिए अच्छी बात नहीं है। पूर्व पालिका उपायुक्त मधुकर कांबले का कहना है कि लोकतंत्र में जनता का प्रतिनिधि, न्याय व्यवस्था और प्रशासक एक दूसरे के पूरक होते हैं। कई ईमानदार अधिकारी भी होते हैं, जो बहुत अच्छा काम करते हैं लेकिन वे हर जगह नहीं पहुंच पाते हैं।

# अस्पताल के मीटर बॉक्स में लगी आग, बाल-बाल बची 3 महिलाएं और 3 बच्चों की जान



**महाराष्ट्र :** ठाणे में कासारवडवली स्थित मनपा अस्पताल में महावितरण के मीटर बॉक्स रूम आग लगने की घटना सामने आई है। दरअसल बुधवार आधी रात करीब दो बजे यह आग लग गई। मिली जानकारी के मुताबिक, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन इस समय अस्पताल की पहली मंजिल पर प्रेजेंटेशन हॉल में तीन महिलाएं और तीन बच्चे थे। उन्हें तुरंत स्थानांतरित कर दिया गया है और वे सुरक्षित हैं। गनीमत ये रही कि आग एक मीटर बॉक्स तक ही सीमित थी। चूंकि यह आग फैली नहीं, इसलिए अन्य मीटर बॉक्स क्षतिग्रस्त नहीं हुए। ठामपा अस्पताल रोजा गार्डेनिया, घोड़बंदर रोड, कासारवडवली में एक ग्राउंड प्लस तीन मंजिला इमारत में स्थित है।

जानकारी के मुताबिक, इसी अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर बने मीटर बॉक्स रूम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही ठामपा सुरक्षा गार्ड, महावितरण, आपदा प्रबंधन कक्ष और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचते ही महावितरण बिजली कर्मचारियों ने बिजली आपूर्ति बंद कर दी, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे में मीटर बॉक्स रूम में लगी आग पर काबू पा लिया। यह जानकारी आपदा प्रबंधन इकाई ने दी

ऐसे में अब बताया जा रहा है कि ओपीडी अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर है और उस वक्त वहां कोई मरीज नहीं था। इसी तरह दूसरी मंजिल खाली है और तीसरी मंजिल पर डायलिसिस विभाग है। लेकिन घटना के वक्त वहां कोई मरीज नहीं था। हालांकि, दूसरी मंजिल पर एक प्रसूति वार्ड है और उस समय वहां तीन महिलाएं और तीन बच्चे थे। उन्हें तुरंत स्थानांतरित कर दिया गया है और वे सुरक्षित हैं। यह जानकारी आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों ने दी। फिलहाल इस घटना में सभी सुरक्षित है।

# महाराष्ट्र में ट्रक और जीप की टक्कर में छह लोगों की मौत, तीन घायल



**ठाणे :** महाराष्ट्र के भिवंडी के समीप मुंबई-नासिक राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक और एक जीप की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई है और तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना उस समय हुई जब मुंबई की ओर जा रहे कंटेनर ट्रक ने खड़वली फाटा पर जीप को टक्कर मार दी। इस हादसे में जीप राजमार्ग से कम से कम 50 फीट दूर जा गिरी। जीप में सवार दो महिलाओं समेत छह यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चिन्मयी विकास शिंदे (15), चैताली सुशांत पिंपले (27), संतोष अनंत जाधव (50), वसंत धर्म जाधव (51), रिया किशोर पारसेधी और प्रज्वल शंकर फिरके के रूप में की गई है।घायलों की पहचान क्रुणाल ज्ञानेश्वर भामरे (22), चेतना गनेह वाझे (29) और दिलीप कुमार विश्वकर्मा (30) के रूप में की गई है।



# उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे ने अजित पवार से की मुलाकात,

## एनसीपी में टूट के बाद पहली बार मिले...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे ने डिप्टी सीएम अजित पवार से विधानसभा ऑफिस में मुलाकात की है. एनसीपी में टूट के बाद दोनों नेताओं की अजित पवार से ये पहली मुलाकात है. महाविकास अघाड़ी की सरकार में अजित पवार मंत्री थे. उनके पास तब भी वित्त मंत्रालय था. मौजूदा एकनाथ शिंदे की सरकार में भी अजित पवार वित्त मंत्री हैं. गौरतलब है कि उद्धव ठाकरे और अजित पवार की मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब महाराष्ट्र में एनसीपी दो भागों में बंट चुकी है. अजित पवार की बगावत के बाद महाराष्ट्र का सियासी पारा चढ़ा हुआ है. जहां तक शिवसेना (यूबीटी) की बात है तो वो एनसीपी में इस टूट के लिए बीजेपी को जिम्मेदार बता रही है. दिलचस्प है कि उद्धव गुट के नेता अजित पवार को लेकर अभी तक कोई तल्ख टिप्पणी करने से बचते दिखाई दिए हैं. 2 जुलाई को अजित पवार के नेतृत्व में कुल नौ एनसीपी विधायकों ने एकनाथ शिंदे की सरकार में मंत्री पद का शपथ लिया था. इस राजनीतिक बदलाव ने महाराष्ट्र सहित पूरे देश का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया. शपथ के करीब दो हफ्ते बाद अजित पवार गुट के नेताओं को विभागों का बंटवारा भी कर दिया गया.

**अजित पवार गुट ने की थी शरद पवार से मुलाकात**

इससे पहले अजित पवार और उनके समर्थक 15 विधायकों ने सोमवार (17 जुलाई) को मुंबई के वाई बी चव्हाण सेंटर में एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि पार्टी एकजुट रहे. हालांकि, एनसीपी के प्रवक्ता ने कहा था कि ऐसी बैठकों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि अलग हुए समूह का कदम ठीक नहीं था और इससे विश्वास में कमी आई है. वहीं, रविवार (16 जुलाई) को भी एनसीपी के नेताओं ने शरद पवार से मुलाकात की थी.

# ठाणे में दो आवासीय परिसरों के बीच बनी सुरक्षा दीवार गिरी



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में दो आवासीय परिसरों के बीच बनी दीवार का एक हिस्सा बुधवार को सुबह एक बड़े पेड़ के गिरने के बाद ढह गया। नगर निकाय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि पंचपखाड़ी क्षेत्र में स्थित आवासीय परिसर में सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। ठाणे जिले में रात भर और बुधवार को सुबह भारी बारिश हुई। अधिकारी ने बताया कि आवासीय परिसर में एक पेड़ दो दोपहिया वाहनों और एक ऑटो-रिक्शा पर गिर गया, जो क्षतिग्रस्त हो गए। पेड़ गिरने के कारण, दो हाउसिंग सोसायटी के बीच बनी सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा भी ढह गया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय दमकलकर्मी और आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ का दल मौके पर पहुंचा।

उन्होंने मलबा साफ किया और गिरा हुआ पेड़ हटाया। पिछले 24 घंटों के दौरान शहर में पेड़ गिरने के 13 मामले सामने आए, साथ ही नगर निकाय अधिकारियों को विभिन्न स्थानों पर वाहनों के क्षतिग्रस्त होने के बारे में भी सूचना मिली। तडवी ने बताया कि भारी बारिश के कारण जिले के कई निचले इलाकों में जलजमाव हो गया हैं। अधिकारी ने बताया कि बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुई 24 घंटे की अवधि में शहर में 90.08 मिलीमीटर बारिश हुई।

# किरीट सोमैया का MMS आया सामने, मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुरू की जांच



**मुंबई :** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने उस वायरल अश्लील वीडियो क्लिप के संबंध में अपनी जांच शुरू कर दी है जिसमें कथित तौर पर भाजपा नेता किरीट सोमैया को आपत्तिजनक स्थिति में दिखाया गया था। मुंबई पुलिस ने कहा कि क्राइम ब्रांच यूनिट 10 वीडियो की प्रामाणिकता और मामले की जांच करेगी। मामले की जांच के लिए क्राइम ब्रांच तकनीकी विशेषज्ञों और साइबर विशेषज्ञों की मदद लेगी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में इस मामले की जांच के आदेश दिये थे. इसके बाद मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है. मुंबई अपराध शाखा ने कथित तौर पर मराठी समाचार चैनल से वीडियो क्लिप पुलिस को सौंपने और उस स्रोत को सौंपने के लिए कहा है जहां से इसे प्रसारित किया गया था।

इस बीच, भाजपा नेता किरीट सोमैया ने वायरल वीडियो की प्रामाणिकता पर सवाल उठाया है और देवेंद्र फड़नवीस से आरोपों की जांच करने और वीडियो की प्रामाणिकता को सत्यापित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि एक समाचार चैनल पर मेरा एक वीडियो क्लिप दिखाया गया था। दावा किया गया था कि मैंने कई महिलाओं को परेशान किया है और ऐसे कई वीडियो क्लिप उपलब्ध हैं और मेरे खिलाफ शिकायतें प्राप्त हुई हैं। मैंने कभी किसी महिला के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया है। @Dev_FÔd»»fÔvis से अनुरोध है कि ऐसे आरोपों की जांच करें और वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि करें।

वहीं, संजय राउत ने मराठी में एक ट्वीट कर कहा कि वायरल वीडियो के मामले ने महाराष्ट्र में सियासी भूचाल ला दिया है। शिव सेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने शिव सेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे को उद्धत किया, जिन्होंने एक बार कहा था, ''किसी ऐसे व्यक्ति को धर्म के

## शरद पवार या अजित गुट, किसके दावे में दम,

# एनसीपी में विधायकों की संख्या पर साफ होने लगी है तस्वीर?





**मुंबई :** पिछले दो दिनों से 17 जुलाई से शुरू हुए महाराष्ट्र विधानसभा सत्र में भाग लेने वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रतिद्वंद्वी गुटों के विधायकों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हो रही है. एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार का समूह पहले की तरह विपक्ष में बैठा है, जबकि अजीत पवार के नेतृत्व वाला अलग हुआ गुट सत्तारूढ़ शिवसेना-बीजेपी सरकार में शामिल हो गया है और सत्ता पक्ष पर कब्जा कर लिया है. अक्टूबर 2019 के विधानसभा चुनावों में एनसीपी के कुल 53 विधायक चुने गए, जिससे त्रिशंकु सदन सामने आया.

**मानसून सत्र से पहले सियासी बयानबाजी**

मानसून सत्र के पहले दिन लगभग दो दर्जन राकांपा विधायकों ने भाग लिया - विपक्ष में 10 और सत्ता पक्ष में 15. पार्टी के एक नेता के अनुसार, दूसरे दिन, विपक्ष की ओर लगभग 25 राकांपा विधायक थे, और सत्ता पक्ष में लगभग 20 विधायक थे. अजित पवार खेमे ने विभाजन के दिन 2 जून से दावा किया है कि उसके पास बहुमत या लगभग 33 विधायकों की ताकत है, बाकी को शरद पवार के पास छोड़ दिया गया है.

**क्या बोले एनसीपी पदाधिकारी?**

हालांकि, जैसा कि एनसीपी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है, अजित पवार पक्ष के लिए आंकड़े बिल्कुल अच्छे नहीं हो सकते, क्योंकि वे दल-बदल विरोधी प्रावधानों से बचने के लिए दो-तिहाई के निशान से कम हो सकते हैं, और अयोग्यता सहित कार्रवाई का जोखिम हो सकता है. अजित पवार गुट ने पिछले दो दिनों में शरद पवार गुट के साथ समझौते की दो बेताब कोशिशें की हैं. रविवार और सोमवार को उप मुख्यमंत्री अजीत पवार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे सहित राकांपा के अलग हुए नेताओं ने शरद पवार से मुलाकात की और उनसे पार्टी की 'एकता' पर विचार करने के लिए कहा.

**क्या बोले शरद पवार?**

शरद पवार ने दोनों अवसरों पर उनका विनम्रता से स्वागत किया और धैर्यपूर्वक उनकी बात सुनी, लेकिन उनके सुझाव का कोई जवाब नहीं दिया, जिससे दूसरा पक्ष चिंतित हो गया. मंगलवार को प्रतिद्वंद्वी खेमे अपेक्षाकृत शांत थे, क्योंकि शरद पवार विपक्षी दलों के सम्मेलन के लिए बेंगलुरु में थे, जबकि अजीत पवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एनडीए की बैठक में भाग लेने के लिए पटेल और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ दिल्ली गए थे.

# मुंबई में भारी बारिश, जलजमाव से बढ़ी मुश्किलें...



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई समेत कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। बारिश की वजह से जनजीवन प्रभावित हुआ है। सड़कों पर जलजमवा से यातायात बाधित हुई है। आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रायगढ़ के रसायनी पुलिस स्टेशन का एक वीडियो सामने आया है। तेज बारिश की वजह से यहां जलजमाव हो गया। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर पालघर, रायगढ़ के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। ठाणे, मुंबई और रत्नागिरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। रायगढ़ जिला कलेक्टर योगेश म्हासे ने भारी बारिश को देखते हुए आज जिले के सभी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी की घोषणा की है। एनडीआरएफ के अधिकारियों ने बताया कि आज भारी बारिश को देखते हुए पालघर और रायगढ़ (महाड) में एनडीआरएफ की एक-एक टीम तैनात की गई है, ताकि किसी तरह की परेशानी में लोगों की मदद की जा सके।



# प्रदेश में सड़क और फ्लाई-ओवर निर्माण के लिये 1881 करोड़ की स्वीकृति

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में संशोधनों को स्वीकृति

**भोपाल।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में फोरलेन मार्ग और फ्लाई-ओवर निर्माण के क्षेत्रों में मंजूरी दी। केंद्रीय सड़क अधो-संरचना निधि अंतर्गत सीहोर जिले में मालीवाया से सलकनपुर-नीलकछार तक फोरलेन मार्ग का निर्माण 147 करोड़ 92 लाख रूपये तथा राज्य योजना मद आयोजन अंतर्गत खण्डवा जिले में इंदौर इच्छापुर मार्ग से ओंकारेश्वर नये बस स्टेण्ड तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य के लिए लागत 193 करोड़ 22 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी किये जाने का अनुमोदन किया गया।

केन्द्रीय सड़क अधो-सरंचना निधि आयोजन अंतर्गत सतना जिले में नागोद से मैहर व्हाया सुरदहा परसमनिया-रामपुर-मैहर मार्ग का निर्माण लागत राशि 178 करोड़ 22 लाख, सागर जिले में शाहपुर-



रंगोली-गिरवर-भैंसवाही-हिनगन-ढाना-भोकलपुर चौराहा (एन.एच.-44) तक मार्ग का निर्माण लागत राशि 129 करोड़ 81 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी किये जाने का अनुमोदन किया गया।

केन्द्रीय सड़क अधो-सरंचना निधि अंतर्गत भोपाल शहर में भोपाल- इंदौर मार्ग पर संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में सीवेज पंप हाउस लाऊखेड़ी से नगर निगम विसर्जन घाट तक फ्लाई-ओव्हर के निर्माण की लागत राशि रूपये 306 करोड़ 40 लाख एवं ग्वालियर शहर के अंतर्गत महारानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा से गिरवाई पुलिस चौकी ए.बी. रोड (एन. एच. 46) तक स्वर्णरेखा नदी पर फोरलेन ऐलीवेटेड कॉरीडोर/फ्लाय-ओव्हर के निर्माण की लागत राशि 926 करोड़ 21 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी किये जाने का अनुमोदन किया गया।

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना- 2023 में महत्वपूर्ण संशोधन

मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में संशोधित प्रावधानों को प्रतिस्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। योजना अंतर्गत पात्रता की कण्डिका 3.3 को संशोधित कर प्रतिस्थापित किए जाने की स्वीकृति दी गयी, जो है- आवेदन के कैलेण्डर वर्ष में, 01 जनवरी की स्थिति में 21 वर्ष पूर्ण कर चुकी हो तथा 60 वर्ष की आयु से कम हो। योजना अंतर्गत अपात्रता की कण्डिका 4.9 को संशोधित कर प्रतिस्थापित किए जाने की स्वीकृति दी गयी, जो है- जिनके परिवार के सदस्यों के नाम से पंजीकृत चार पहिया वाहन (ट्रेक्टर को छोड़कर) हो, वे योजना के लिये अपात्र होंगे।

# मणिपुर में सरकारी कर्मचारी ऑफिस आने को तैयार नहीं

## मैतेई समुदाय के इलाके में सरकारी दफ्तर, कुकी कर्मचारी जाने से डर रहे

**इंफाल।** मणिपुर में 'नो वर्क नो पे' के आदेश के बावजूद सरकारी कर्मचारी अपने इलाके छोड़कर दफ्तरों में लौटने को तैयार नहीं हैं। घाटी में रहने वाले कुकी कर्मचारी अपने पर्वतीय इलाकों में चले गए थे और पर्वतीय इलाकों में तैनात मैतेई जनजाति के कर्मचारी घाटी में हैं। इनमें करीब 1400 पुलिसवाले भी शामिल थे। पिछले महीने के आखिर में सरकार ने नो वर्क नो पे का आदेश जारी करते हुए चेतावनी दी कि काम पर नहीं लौटने वालों को वेतन नहीं मिलेगा।

कुकी संगठनों ने सरकार के इस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। तब सरकार ने अपने आदेश में संशोधन करते हुए सरकारी कर्मचारियों को अपने-अपने इलाकों में हाजिरी देने की परमिशन दी है।



### मैतेई समुदाय के इलाके में सरकारी दफ्तर, कुकी लोग जाने से डर रहे

कुकी जनजाति के कर्मचारियों की दिक्कत यह है कि ज्यादातर सरकारी दफ्तर मणिपुर घाटी में हैं, जो मैतेई का गढ़ है। कुकी आदिवासियों के संगठन कुकी इनपी मणिपुर (केआईएम) के महासचिव के. गांग्टे ने कहा है कि कुकी कर्मचारियों के लिए घाटी में लौटने का मतलब मौत को न्योता देना है।

# सड़क सुरक्षा पखबाड़ा के अंतर्गत आयोजन हुआ जागरुकता कार्यक्रम




**ललितपुर।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया है कि उपसंभागीय परिवहन कार्यालय ललितपुर में सड़क सुरक्षा पखबाड़ा के अंतर्गत द्वितीय दिवस में बस, ट्रक, ऑटो, ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालकों एवं उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन मानस को सावधानी पूर्वक वाहन का संचालन किए जाने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों का पालन किए जाने पर बल दिया गया तथा उपस्थित चालक/परिचालकों से वाहन का संचालन नियमानुसार किए जाने की अपील की गयी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा यातायात नियमों का कढ़ाई से पालन किए जाने के सम्बन्ध में विस्तरित रूप से जानकारी दी गयी।

समस्त आटो, टैक्सी चालको, यूनियन के पदाधिकारियों एवं उनके अश्रितों को आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने हेतु जागरूक किया गया एवं इस योजना से होने वाले लाभ के वारे में अवगत कराया गया कि आयुष्मान भारत के अन्तर्गत 5.00 लाख का बीमा प्रदान किया जाता है। उक्त कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी मो. कय्यूम, यातायात उपनिरीक्षक आलोक कुमार तिवारी, सम्भागीय निरीक्षक देवदत्त कुमार, बस, ट्रक, आटो टैक्सी यूनियन के पदाधिकारीगण, एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारी सहित कार्यक्रम में अनेकों चालक-परिचालक उपस्थित हुये। अन्त में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मो. कय्यूम द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलायी गयी तथा सभी उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का अभार व्यक्त किया गया।

# शिक्षा मित्र एसोसिएशन ने की नवागन्तुक बीएसए से मुलाकात



**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नवागन्तुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपाल सिंह से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर मुलाकात की। जनपद ललितपुर आगमन पर सभी ने स्वागत किया। इस अवसर पर कहा गया कि कुछ शिक्षा मित्रों का मानदेय विगत कई माह का लंवित पड़ा है। जिस पर तुरन्त लेखाधिकारी ने सम्बन्धित लिपिक को बुलाकर अति शीघ्र समस्याओं का समाधान करने का आदेश दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आप लोग विधिवत शासन की मंसानुरूप कार्य करे। मेरे स्तर से कोई समस्या नही आएगी। जो समस्या होगी उसका निस्तारण किया जाएगा। मुलाकात करते समय प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस, राजीव त्रिपाठी, शैलेन्द्र राजा बुन्देला, कुलदीप गोस्वामी, अशोक कुमार अहिरवार, राघवेंद्र सिंह चौहान, अशोक परिहार, शैलेन्द्र शर्मा, सूरज सिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जेल विजिट

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशानुसार सचिव अक्षयदीप यादव द्वारा जिला कारागार का जिला कारागार में जेल विजिट की गयी। सचिव अक्षयदीप यादव द्वारा जिला कारागार की विजिट जिला कारागार में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन-शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल



अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह कारागार प्रशासन के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र भेज सकते है। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी एवं सायं कालीन भोजन बनने की प्रक्रिया चल रही थी जो कि प्रदर्शित खाने की सूची के अनुसार थी। जिला कारागार की विजिट के दौरान जेल अधीक्षक लाल रत्नाकर सिंह, कारापाल शशि कान्त एवं न्यायालय की ओर से रोहित राठौर, विकास उपस्थित रहे।

# मुहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

## सभी से आपसी सदभाव के साथ त्यौहार मनाने की अपील की

बानपुर (ललितपुर)। थाना बानपुर परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर उपस्थित लोगों से आगामी त्यौहारों की समीक्षा की गयी व पर्वो में शांति तथा सौहार्द कायम रखने की अपील की गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी महरौनी ने जनता से आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की व बताया गया कि आगामी पर्वो पर आपसी सदभाव के साथ मनाना है जिससे कानून व्यवस्था खराब न हो साथ ही कहा कि अराजक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी व साथ में त्योहार में हुड़दंग फैलाने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। साथ ही कस्बे के ताजियादारों की समस्याओं व सुझाव को लेकर चर्चा की गयी।

इस अवसर पर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था व विजली व्यवस्था व रास्ते पर आने बाले पेड़ों के विषय में भी बात की गयी। इस अवसर पर थानाध्यक्ष बानपुर राजपाल सिंह ने कहा कि उक्त पर्वो पर किसी भी प्रकार



की कोई नयी परम्परा शुरू नहीं की जायेगी व उक्त त्यौहार पारम्परिक तरीके से ही सम्पन्न होगा व बताया कि मुहर्रम पर्व पर डी जे प्रतिबन्धित रहेंगे या तय मानको के आधार पर ही बजेंगे। इस अवसर पर हाफिज शाहिद रजा कादरी, सदर अख्तर खां, नायब सदर आमिर खांन मंसूरी, ग्राम प्रधान काशीराम रजक, हबीब शाह, अजीज खां मंसूरी, जीलानी मंसूरी, परवेज खां, शाहरुख ठेकेदार, हय्युल अहमद, आरिफ खां, मुश्ताक खां, अज्जू शाह, असलम शाह सहित बानपुर मीडिया व सम्पूर्ण पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।




# हर-हर महादेव के जयघोष के साथ गूंजे शिवालय

## दूसरे श्रावण सोमवार को भी श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**सीधी।** श्रावण सोमवार पर आज भोर से ही शिवालयों में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजना शुरू हो गए थे। सावन माह के द्वितीय सोमवार को आज शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही उमड़ना शुरू हो गई थी। शिव मंदिर बढ़ौरा एवं नीलकंठ मौहार मंदिर में शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए उमड़ रही थी। आज सावन के दूसरे सोमवार को सावन अमावश्या का भी विशेष योग होने के कारण प्रशिद्ध शिव मंदिरों में शिव भक्तों की संख्या काफी ज्यादा थी।

प्रसिद्ध शिव मंदिर बढौरा में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जिले भर से श्रद्धालु पहुंचे थे। शिव भक्तों ने पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक किए। लगभग 4 बजे भोर से भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहीं। हजारों श्रद्धालु बढौरा शिव मंदिर में आज सावन के दूसरे सोमवार पर पहुंचे।

बढौरा शिव मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल शिव मंदिर प्रांगण में उपस्थित




रहें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा चोरियों की वारदात ना हो इसीलिए पुलिस प्रशासन मौजूद रहें। शिव मंदिर प्रांगण में नारियल एवं चुनरी की सजी दुकानों में जमकर नारियल चुनरी की हुई बिक्री हुई। वहीं प्रांगण में सजी दुकानों में जमकर हुई खरीददारी से व्यापारियों के चेहरे पर खुशी दिखी। बढौरा शिव मंदिर के आधा किलोमीटर पहले ही दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोंक लगा दी गई थी। बढौरा शिव मंदिर में आए श्रद्धालुओं की व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए आधा किलोमीटर दूर से ही चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों को सुरक्षाकर्मियों द्वारा रोक दिया गया था। बढ़ौरा मंदिर के पहले ही वाहनों को रोक लिए थे ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार का अव्यवस्था ना फैले।

मालूम रहे कि बढ़ौरा शिव मंदिर की ख्याति सीधी जिले के साथ ही आसपास के जिलों में भी काफी ज्यादा होने से वहां से भी सावन मास में पूजा-अर्चना करनें के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### अमावस्या पर पति की दीर्घायु के लिए रखा व्रत

हरियाली अमावस्या आज श्रावण सोमवार को होने के कारण इसका विशेष महत्व था। धार्मिक दृष्टि से यह काफी शुभ होने के कारण इस दिन सुहागिन महिलाओं ने पति के दीर्घायु के लिए पूजा करते हुए व्रत रखा। काफी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने पीपल के वृक्ष के नीचे जाकर 108 बार परिक्रमा करते हुए विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना किया।

# यातायात पुलिस ने खन्नौधा विद्यालय में चलाया जागरुकता कार्यक्रम

## छात्र-छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी



**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजुलता पटले के निर्देशन एवं यातायात थाना प्रभारी डीडी सिंह के नेतृत्व में आज शहर की शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खन्नौधा में यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। वहीं यातायात नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

यातायात थाना प्रभारी डीडी सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि सड़क पर जब भी निकलें यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। यातायात नियमों के अनुसार सही दिशा से आवागवन करने पर दुर्घटना का खतरा नहीं रहता। छात्र-छात्राएं जब भी सड़क पार करें यह अच्छे से सुनिश्चित कर लें कि कोई वाहन तो नजदीक में नहीं आ रहा है। यदि कोई वाहन आता नजर आए तो रुक लेना चाहिए। वाहन के गुजरने पर ही सड़क को पूरी सजगता के साथ पार करना चाहिए। यातायात थाना प्रभारी डीडी सिंह ने इस दौरान छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति अभियान के संबंध में भी जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी तरह का नशा नुकसानदायक होता है। नशा से हमेंशा दूर रहना चाहिए वहीं घर के अपने सदस्यों को भी टोंके जो कि किसी भी तरह का नशा करते हों।

छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति अभियान के संबंध में पूरी तरह से सजग रखना चाहिए। अन्य लोगों को भी नशा न करने की समझाइश देना चाहिए। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा यातायात नियमों के संबंध में कई जानकारी देने के साथ ही सड़क में बने यातायात के संकेतकों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।

छात्र-छात्राओं से कहा गया कि सड़क में बने यातायात संकेतकों को अच्छी तरह से समझे और इनका पालन करें। यातायात पुलिस ने छात्र-छात्राओं को बताया कि दो पहिया वाहन बिना ड्राइविंग लाईसेंस के कभी भी न चलाएं। यदि ड्राइविंग लाइसेंस के बिना कोई भी छात्र-छात्राएं पकड़े जाते हैं तो उन्हें पुलिस की चालानी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

# नदी-नालों व झरनों में बच्चों को न भेजें: रवींद्र

## पुलिस अधीक्षक ने आम जनमानस के लिए जारी की एडवाइजरी

**सीधी।** बारिस के दिनो में नदी-नाले जहां उफान पर रहते है वहीं झरनों का बहाव भी त्रीव गति से बढ़ जाता है ऐसे में यहां आने-जाने वाले लोग सुरक्षा में चूक कर अपनी जान गंवा देते है। जबकि इन दिनो नदी-नाला उफान पर होने की स्थिति में पानी रपटे या नाले से नीचे होने पर भी पार करने की हिदायत दी जाती है वहीं झरने व अन्य पिकनिक स्थान जो जलाशय से घिरे है यहां लोगों को विशेष सुरक्षा बरतने की चेतावनी दी जाती है बावजूद इसके लोगों के अंदर जागरूकता नही उत्पन्न हो रही है। बीते रविवार को उकरहा के समीप झरने में नहाने गए छात्रों के एक दल के दो सदस्य नहर में डूब गए जिससे उनकी जान चली गई वहीं बीते दिनो रामपुर नैकिन के पन्ना जल प्रपात में एक युवक की डूबने से मौत हो गई थी। इन तमाम घटनाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा ने आमजन मानस से अपील करते हुए एडवायजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा ने आमजन मानस से अपील करते हुए कहा कि मानसून के दौरान लगातार बारिस के मद्देनजर अप्रिय घटना होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में लगातार बारिस होने के कारण नदी,नाले एवं रपटे उफान पर आ जाते है इसलिए जब नदी नाले एवं रपटे उफान पर हो तो पार न करें। बारिस के दौरान करंट लगने की संभावना भी रहती है बिजली के तार व खंभो से दूरी बनाये रखें। नहरों वाली जगहों में तथा नदी,नालों,तालाब ,डैम इत्यादि जगहों में बच्चों को जाने से रोंका जाय तथा इन पर विशेष निगरानी रखें। पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा ने आम जन मानस से अपील करते हुए कहा कि पुराने जर्जर भवन भी अत्यधिक बारिस में गिरने की संभावना रहती है इसलिए ऐसी जगहों पर निवास न करें। नदी के किनारे न रहे वहां कभी भी अचानक जल स्तर बढ़ सकता है। इसके साथ-साथ सड़क पर पानी भरे होने की स्थिति में सतह का पता नही चलता इस स्थिति में वाहन न चलायें तथा आवश्यक होने पर दूसरे बैकल्पिक मार्ग का चयन करें। बर्षा काल के दौरान नदी,तालाब,नहर एवं नालों में जल स्तर बढ़ जाता है जिससे उनकी गहराई का पता नही चलता इसलिए ऐसी जगहों पर न जायें। उन्होने जिले के अभिभावकों से अपने बच्चों को बिना सुरक्षा के पिकनिक स्थल पर न भेजने की अपील की है।



## हरियाली अमावस्या पर सीनियर सिटीजन सेवा संस्थान द्वारा पौधारोपण किया गया



**रतलाम।** हरियाली अमावस्या एवं सोमवती अमावस्या पर जन कल्याण सिनियर सिटीजन सेवा संस्थान द्वारा विरिया खेड़ी स्थित वृद्धा आश्रम में पौधा रोपण किया गया और वह निवासित वृद्ध जन से संकल्प दिलवाया गया की इन नन्हें पौधों को वृक्ष बनने तक आप सभी समय समय पर इन पौधों की देख भाल करेंगे इस शुभ अवसर पर संस्था अध्यक्ष जगदीश हरारिया सचिव शबाना खान संस्था सदस्य डाक्टर राहुल आश्रम संचालक कुलदीप सिंह गायत्री बाई सहभागी रहे।

# अस्थि विसर्जन कर लौट रही बुलेरो को बस ने मारी ठोकर

## बुलेरो सवार 10 यात्री हुए हताहत,जिला चिकित्सालय में भर्ती

**सीधी।** जिले के मझौली थानान्तर्गत एक रावत परिवार के महिला की मृत्यु हो जाने के बाद बीती रात 10 सदस्य बुलेरो वाहन में सवार होकर प्रयागराज अस्थि विसर्जन के लिए गए थे जहां से उक्त कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे तभी सिटी कोतवाली अन्तर्गत कारू भारत के पास सामने से आ रही एक बस ने बुलेरो को ठोकर मार दी जिससे बुलेरो वाहन में सवार सभी 10 यात्री घायल हो गए है।

घटना की जानकारी मिलने पर मौके से पहुंची पुलिस ने सभी घायल यात्रिकों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है। घटना के संबंध में पीड़ित ललई रावत पिता भरोसा रावत 62 वर्ष निवासी सिलवार थाना मझौली ने बताया कि 16 जुलाई को रात करीब 10 बजे अपनी मृतक भाभी का अस्थि कलश विसर्जन करने के लिए बुलेरो गाड़ी से हम सभी प्रयागराज गए थे वहां से लौटते समय कारू भारत के पास सामने से आ रही बस के चालक ने ठोकर मार दिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### हादसें में इनको आई चोंटे

अस्थि विसर्जन कर प्रयागराज से अपने गांव सिलवार लौट रहे रावत परिवार के 10 लोग घायल हो गए है जिनमें सूरज रावत पिता लालबहादुर उम्र 15 वर्ष निवासी सिलवार,विजय रावत पिता परदेशी रावत 35 वर्ष मड़वास,जयशरण रावत 60 वर्ष सिलवार,मनोज रावत पिता दद्दूलाल 20 वर्ष,दधिबल रावत पिता शिवदयाल रावत 50 वर्ष,बृजगोपाल कोल पिता जयदीन कोल 50 वर्ष,दाऊ कोल पिता भरोसा कोल 55 वर्ष,शिवपूजन रावत पिता दधिबल रावत 27 वर्ष,ललई कोल पिता भरोसा कोल 62 वर्ष,जियालाल कोल पिता लखपति कोल 50 वर्ष सभी निवासी सिलवार थाना मझौली के है जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : गुरुवार 20 जुलाई 2023






# उर्फी जावेद ने टमाटर के बढ़ते दामों के बीच इयररिंग बनाकर पहनी, बताया लेटेस्ट गोल्ड...



उर्फी जावेद अपनी उटपटांग ड्रेसिंग सेंस के लिए जानी जाती है। इस बीच, उन्होंने कुछ ऐसा कर दिया है, जिसे लेकर वह एक बार फिर खबरों में आ गई है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से टमाटर के बढ़ते दाम लोगों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं।

**उर्फी जावेद का टमाटर वाला वीडियो कैसे बोल्ड बन गया है?**

अब उर्फी जावेद ने टमाटर की बनी इयररिंग पहनकर पोज किया है। खास बात यह है कि उन्होंने अपने प्राइवेट पार्ट को एक हाथ से छुपाकर रखा है। इसके चलते, यह वीडियो काफी बोल्ड बन गया है। उन्होंने ब्लैक कलर की स्लीवलैस क्रॉप टॉप पहन रखी है। वहीं, उन्होंने मैचिंग शॉर्ट्स भी पहन रखी है।

**उर्फी जावेद के कानों में टमाटर की बालियां कैसे पहनी है?**

उर्फी जावेद के कानों में टमाटर की बनी दो बालियां भी नजर आ रही है। वहीं, वह एक टमाटर खाती हुई भी नजर आ रही है। उन्होंने दो फोटो और एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में उन्हें मजेदार अंदाज में पोज देते हुए देखा जा सकता है। इसके अलावा, उन्होंने सुनील शेट्टी की एक फोटो शेयर की है। इस पर लिखा हुआ है कि टमाटर के बढ़े हुए दामों के कारण वे इसका सेवन कम कर रहे हैं। उर्फी जावेद ने यह भी लिखा है, उनकी पोस्ट इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे सोशल मीडिया पर अब तक दो लाख के करीब लाइक्स मिले हैं। वहीं, इस पर साढ़े 3 हजार के करीब कमेंट किए गए है। कई लोगों ने उनकी क्रियेटिविटी की सराहना की है। वहीं, कई लोगों ने उन्हें ट्रोल भी किया है। इस बीच उर्फी इसे काफी एन्जॉय कर रही है। वह जल्द कई शो में नजर आनेवाली है।

# 'वॉर 2' में कियारा की एंट्री!

**जब** से यशराज फिल्म्स ने 'पठान' की रिलीज से पहले अपनी स्पाई फिल्म की घोषणा की है, तब से 'वॉर 2' को लेकर भी अटकलें तेज हो गई हैं। फिल्म की पहली किस्त ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन किया था। सिद्धार्थ आनंद की इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ और ऋतिक रोशन नजर आए थे। अब खबर है कि वॉर 2 में ऋतिक के साथ जूनियर एनटीआर नजर आने वाले हैं। हाल ही में ये भी खबरें थीं कि इसमें कियारा आडवाणी भी नजर आने वाली हैं। अब कियारा ने इस पर चुप्पी तोड़ी है।
रिपोर्ट्स के अनुसार ऐसा कहा गया है कि कियारा आडवाणी को वॉर 2 फिल्म में लिया गया है। कियारा जब हाल ही में एक फिल्मी इवेंट के दौरान नजर आईं तो उनसे 'वॉर 2' के बारे में सवाल पूछा गया। इसके जवाब में कियारा बस मुस्कुराईं और चुप्पी साधे रहीं। उन्होंने आगे बताया कि प्रोडक्शन हाउस द्वारा आधिकारिक घोषणा किए जाने तक वह आगे कुछ नहीं बोल सकतीं। खैर, इससे कियारा के फैंस को एक हिंट मिल गया है जो कि एक अच्छी खबर है।
वर्कफ्रंट की बात करें तो फिलहाल, सिद्धार्थ आनंद 'फाइटर' पर काम कर रहे हैं, जो जनवरी 2024 में रिलीज होगी। इसके बाद निर्देशक 'वॉर 2' पर काम शुरू कर सकते हैं। उनके पास अभी 'टाइगर वर्सेज पठान' भी है। बता दें कि सिद्धार्थ आनंद की 'फाइटर' में ऋतिक और अनिल कपूर के साथ दीपिका पादुकोण भी हैं। वहीं कियारा आडवाणी के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में उनकी फिल्म सत्यप्रेम की कथा रिलीज हुई है। इस फिल्म में दोबारा कार्तिक के साथ उनकी जोड़ी नजर आ रही है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक कलेक्शन कर रही है।
हालांकि मिशन इम्पॉसिबल 7 के आने के बाद से फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है।



# तापसी का मुंहतोड़ जवाब



**तापसी** पन्नू पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर एक्टिव नहीं हैं। एक शॉर्ट ब्रेक के बाद एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ चिटचैट किया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाने का कारण बताया। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने अपनी शादी से जुड़े सवाल पर भी मजेदार बात कही। उन्होंने अपकमिंग फिल्मों की जानकारी भी फैंस के साथ शेयर की।
तापसी पन्नू ने फिल्म इंडस्ट्री में 'पिंक', 'जुड़वा 2' जैसी कुछ फिल्में कर अपनी जगह बनाई है। एक्ट्रेस ने इंस्टा चिटचैट सेशन में बताया कि सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा टॉक्सिटी और निगेटिव वातावरण के कारण उन्होंने इश प्लेटफॉर्म से दूरी बनाने का फैसला किया। बता दें कि तापसी ने आखिरी पोस्ट एक जुलाई को डाला था। पहले की तरह उनके कम एक्टिव होने पर एक फैन ने उनसे इसका कारण पूछ डाला।
इसी तरह एक अन्य फैन ने पूछा कि वह शादी कब कर रही हैं। इस पर एक्ट्रेस ने हाजिरजवाबी देते हुए कहा, "मैं अभी प्रेग्नेंट नहीं हूं। तो फिलहाल तो बिल्कुल नहीं। जब शादी करूंगी तो आपको बता दूंगी।" तापसी पन्नू के बैडमैंटन प्लेयर टर्न कोच मैथियास बो के साथ रिलेशन में होने की चर्चा है।
तापसी पन्नू के वर्कफ्रंट की बात करें, तो पिछले साल छह फिल्मों की रिलीज के बाद एक्ट्रेस इस साल शाह रुख खान की फिल्म 'डंकी' में नजर आएंगी।
तापसी पन्नू इन दिनों तमिल फिल्म 'एलियन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने इस फिल्म से जुड़ी थोड़ी सी अपडेट शेयर की। एक्ट्रेस ने बताया कि यह हाई कॉन्सेप्ट फिल्म है। फिल्म का नाम एलियन है, लेकिन वह एलियन के रोल में नहीं हैं।



# पर्यावरण को बचाने के लिए द भूमि फाउंडेशन बनायेगी भूमि

**बॉलीवुड** अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर्यावरण को बचाने के लिये द भूमि फाउंडेशन को लॉन्च करने जा रही है।
इस संस्था का उद्देश्य पूरे भारत में प्रदूषण के प्रभाव को कम करना है। भूमि पेडनेकर ने कहा, मैं अपनी धरती को बचाने के लिए काम करना चाहती हूं, साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर वातावरण देकर जाना चाहती हूं। मुझे बहुत खुशी होगी यदि भूमि फाउंडेशन उन लोगों को सशक्त बनाकर पर्यावरण को बचाने में प्रमुख भूमिका निभा सके जिन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। भूमि पेडनेकर ने कहा,भूमि फाउंडेशन को लॉन्च करने की दिशा में काम करना मेरे लिए खुशी की बात है और वह भी मेरे जन्मदिन पर, इससे ज्यादा खास कुछ नहीं हो सकता। मेरे नाम का मतलब पृथ्वी है। मैं अपनी कमाई का एक हिस्सा भूमि फाउंडेशन की ओर जाएगा जिससे इस धन का उपयोग पर्यावरण की सहायता के लिए किया जा सके। जब भूमि फाउंडेशन लॉन्च होगा तो इससे जलवायु संरक्षणवादियों और पर्यावरणविदों की सेना को मदद मिलेगी।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com